## एक नजर में

### इको-फ्रेंडली गणेश जी प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण



**देवास।** भारत विकास परिषद द्वारा इस वर्ष भी इको-फ्रेंडली गणेश जी प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण किंडर स्कूल में दिया गया। प्रशिक्षण में प्रांतीय समूह गान प्रमुख हेमंत वर्मा जी ने बहुत ही आसान तरीके से विद्यालय के बच्चों को गणपति बनाना सिखाया। बच्चों के साथ अध्यक्ष मीना राव व सचिव अंतिम अग्रवाल ने भी गणपति बनाना सीखा। परिषद सदस्य मीना वर्मा भी कार्यशाला में सम्मिलित हुई। उक्त जानकारी परिषद के कीर्ति चव्हाण ने दी।

### बाल बैडमिंटन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित



**देवास।** किंडर स्कूल मे बाल बैडमिंटन की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में तीन अलग-अलग वर्गों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अंडर 14 अंडर 17 अंदर-19 के खिलाड़ी शामिल हुए । इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शैलेंद्र चंद्रवंशी, शालिनी भाटी, रंजीत गौड, अशोक सोलंकी, सुजल जैन, और डेविड जेसन मौजूद रहे। प्रतियोगिता में किंडर हायर सेकेंडरी स्कूल, सिटी कान्वेंट स्कूल और सरस्वती विद्या बाल विनय मंदिर के विद्यार्थी शामिल है। अतिथि के रूप में खेल विभाग से सुदेश सांगते, विपुल चौहान, प्रकाश चौहान, तरुण परमार, और किंडर स्कूल के प्राचार्य विनोद पटेल मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने कौशल में सुधार करने का अवसर प्रदान करना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपने खेल के प्रति समर्पण और उत्साह का प्रदर्शन किया।

### कुछ क्षेत्रों में जल वितरण के समय में परिवर्तन

**देवास।** नगर निगम जलप्रदाय विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार दिनांक 24 अगस्त को सुबह से अमृत की नई पाईप लाईन माताजी रपट मार्ग पर पाईप लाईन जोड़ने का कार्य के कारण सुबह 08 से क्षिप्रा प्लांट 15 एम एल डी की पाईप लाईन का शटडाउन सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा। जिसमे शहर की निम्न टंकी का जल वितरण टंकी सनसिटी पार्ट 02, सनसिटी पार्ट 01,आनंद ऋषि नगर टंकी, नागदा टंकी का जल वितरण प्रभावित होगा पाईप लाईन जोड़ने के पश्चात टंकी भरने के उपरांत जल वितरण चालू किया जावेगा वार्ड क्रमांक 43 बालगढ मल्टी का जल वितरण सोमवार दिनांक 25 अगस्त को किया जावेगा। आनंदऋषि नगर टंकी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 22 एल आई जी नगर, सर्वोदय नगर, हरी ओम नगर का जल वितरण रविवार दिनांक 24 अगस्त को होकर सोमवार दिनांक 25 अगस्त को शाम को किया जावेगा। सनसिटी पार्ट 02 टंकी क्षेत्र से होने वाला जल वितरण वार्ड क्रमांक 20 सनसिटी पार्ट 01 ,वार्ड क्रमांक 18 सनसिटी पार्ट 02 ,कार्तिक नगर, अक्षत नगर, वार्ड 19 रामचन्द्र नगर, मृदुल विहार, गोतम नगर, ईश्वर नगर का जल वितरण रविवार दिनांक 24 अगस्त का जल वितरण नही होकर सोमवार दिनांक 25 अगस्त को किया जावेगा। नागदा गांव वार्ड क्रमांक 45 नागदा क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 44 शंकरगढ गिट्टी खदान क्षेत्र का जल वितरण रविवार दिनांक 24 अगस्त को नही होकर सोमवार दिनांक 25 अगस्त को किया जायेगा।

### दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का समापन



**देवास।** विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर देवासवासियों को एक अनोखा दृश्यावलोकन अनुभव करने को मिला, जब मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में विख्यात फोटोग्राफर मोहन सिंह राजपूत द्वारा दो दिवसीय पक्षी फोटोग्राफी प्रदर्शनी आयोजित की गई। बुधवार रात्रि 9 बजे इस शानदार प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रदर्शनी के समापन अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विधायक गायत्री राजे पवार ने उपस्थित होकर फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद शहर के प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधियों कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, मनोज राजानी, पूर्व महापौर ठाकुर जयसिंह, जैनेन्द्र सिंह पवार, वरिष्ठ पत्रकार अनिल राज सिंह सिकरवार, तंवर सिंह चौहान, भगवान सिंह चावड़ा, रितेश त्रिपाठी, देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, रईस खान, शकील कादरी, राजेश परमार एवं महेन्द्र सिंह राजपूत सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और फोटोग्राफर मोहन सिंह राजपूत के कार्य की सराहना की। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की खींची गई सजीव और सुंदर छवियां देखने को मिलीं, जिन्होंने प्रकृति प्रेमियों का मन मोह लिया। कुछ तस्वीरों में पक्षियों के उड़ान भरते पल, भोजन करते क्षण और प्राकृतिक परिवेश में उनका स्वाभाविक जीवन दर्शाया गया, जो दर्शकों को रोमांचित कर गया। कार्यक्रम का संचालन सलीम मामू द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन पोप सिंह परिहार ने किया। यह प्रदर्शनी न सिर्फ एक फोटोग्राफर की कला का प्रदर्शन थी, बल्कि लोगों को पक्षियों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता से भी जोड़ने का माध्यम बनी।

### गंदगी फैलाने वालों पर निगम की चालानी कार्यवाही जारी

**देवास।** वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुये एवं शहर को साफ व स्वच्छ बनाये रखने हेतु आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा खाद्य सामग्री का व्यवसाय करने वाले दुकानदारों द्वारा अपने व्यवसाय के स्थान पर गंदगी फैलाने वालों पर सतत रूप से कार्यवाही कर उन्हें समझाईश भी दी जा रही है। निगम की टीम के द्वारा गुरूवार 21 अगस्त को उज्जैन रोड ब्रिज के नीचे स्थित चाय का व्यवसाय करने वाले मोहम्मद युनुस द्वारा अपनी दुकान के आस पास गंदगी फैलाने पर 5 सौ रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे वार्ड 27 दरोगा विकास बंजारे, जितेंद्र बंजारे उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अपना खेत हो या मकान

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के इको क्लब और युवा पर्यटन क्लब द्वारा, महाविद्यालय के भोज अध्यापन केंद्र के छात्र छात्राओं के साथ मिलकर,एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अपना खेत हो या मकान में वृक्षारोपण किया। महाविद्यालय के इको क्लब और युवा पर्यटन क्लब प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत लगातार वृक्षारोपण करने का प्रयास किया जा रहा हे, महाविद्यालय में संचालित भोज के छात्र छात्राओं द्वारा इसी कड़ी में अपने निवास स्थान और खेत पर वृक्षारोपण किया गया।

## न्यायालय के आदेश पर तोमर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण के खिलाफ अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी की थी**



**देवास।** जिला अभिभाषक संघ देवास की पहल पर न्यायालय ने एक अहम निर्णय लेते हुए शक्ति सिंह तोमर नामक फेसबुक प्रोफाइल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। बताया जा रहा है कि शक्ति सिंह तोमर नाम से संचालित फेसबुक प्रोफाइल से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण के खिलाफ अशोभनीय एवं अभद्र टिप्पणी की गई थी। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणी न केवल न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुँचाती है, बल्कि यह समाज में न्याय व्यवस्था के प्रति अविश्वास भी पैदा करती है। इस गंभीर मामले में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया।

न्यायालय ने शिकायत को गंभीर मानते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस को तत्काल प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही आदेश दिया गया है कि मामले की विवेचना पूर्ण कर 22 सितंबर 2025 तक चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इस निर्णय को अधिवक्ता समुदाय ने न्यायपालिका की गरिमा की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर न्यायाधीशों या संस्थाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियाँ करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होना आवश्यक है।

## 121 वैदिक ब्राह्मणों ने कराया अमलेश्वर महादेव का रूद्राभिषेक



**देवास।** विजय नगर स्थित श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में 121 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा 21 अगस्त को क्षेत्र के सुख समृद्धि हेतु भगवान महादेव का अनेक औषधी एवं विभिन्न प्रकार के द्रव्यों द्वारा रूद्राभिषेक किया गया। यह रूद्राभिषेक मुख्य यजमान सुरेश शर्मा एडव्होकेट परिवार द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य आचार्य पंडित उमेश महाराज, पं. शेलेन्द्र शास्त्री, आनंद दुबे के आचार्यत्व में रूद्राभिषेक किया गया। तीन बाण धारी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने वैदिक ब्राह्मणों का स्वागत किया।

## सनाढ्य ब्राह्मण द्वारा भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ .शंकर दयाल शर्मा की जयंती मनाई



**देवास।** 19 अगस्त को अध्यक्ष पं अरविंद तिवारी के निवास अनिल श्री नगर देवास पर सनाड्य ब्राह्मण सामाजिक संस्था (रजि.)देवास द्वारा भूतपूर्व राष्टपति स्व.डॉ.शंकर दयाल शर्मा की जयन्ती मनाई गयी। संस्था के संरक्षक पं राधेश्याम शर्मा ,पं राघवेन्द्र बिरथरे,पं मिथलेश बिरथरे ने बताया कि डॉ. शंकर दयाल शर्मा का जन्म 19 अगस्त 1918 को भोपाल में सनाड्य ब्राह्मण परिवार में हुआ था, वे सवतंत्रता सेनानी,मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्य मंत्री,केन्द्रीय मंत्री,राज्यपाल,देश के उप राष्टपति एवं राष्टपति रहे।

जिला अध्यक्ष पं अरविंद तिवारी एवं जिला संयोजक देवकी नंदन समाधिया, पं बिसन शर्मा ,पं लक्ष्मीकान्त बिरथरे ने बताया कि डॉ. शंकर दयाल शर्मा सादगी एवं ईमानदारी की मिसाल रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर भगवान परशुराम का पूजन करने के पश्चात भूतपूर्व राष्टपति डॉ.शंकर दयाल की फोटो पर तिलक एवं माल्यार्पण कर पुष्प एवं पूजन सामग्री से सभी सदस्यों ने पूजन किया।कार्यक्रम में पं अशोक चौबे, पं जयदेव पाठक एवं संस्था के अन्य सदस्य एवं विप्र बंधु उपस्थित थे। इस अवसर पर संगठन संगठन की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। अन्त में सभी ने स्वदिष्ट स्वल्पहार का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन पं देवकी नंदन समाधिया ने किया, आभार प्रदर्शन पं राजन मिश्रा एवं पं ओम प्रकाश शर्मा ने किया। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पं अशोक चौबे ने दी।

## राग-द्वेष एवं रोग-दोष को हटाने की विराट शक्ति है इस ग्रंथ में : तत्वरसा श्रीजी

**आज मनाया जावेगा महावीर जन्म वाचन समारोह**



**देवास।** हिंदु धर्म में जो महत्व गीता एवं रामायण का है, इस्लाम धर्म में जो महत्ता कुरान की है, ईसाई जगत में जो इज्जत बाईबल एवं सिक्ख समुदाय में जो गौरव गुरू ग्रंथ साहिब का है। वहीं महत्व, मान सम्मान एवं गौरव जैन धर्म में महानग्रंथ कल्पसूत्र का है। वर्तमान कलयुग एवं विषमकाल में परमात्मा द्वारा बताया गया ज्ञान ही जीवन की शुद्धि, विशुद्धि एवं परमशुद्धि का आधार बन सकता है। कल्पसूत्र में इस संसार का समग्र ज्ञान, विज्ञान एवं निदान समाहित है। कल्प याने आचार है। साधु संतो एवं संसारी प्राणी के आचरण का संपूर्ण मार्गदर्शन इस ग्रंथ में समाहित है। इसी आचार के अनुरूप हमारे विचार बनते है। विचार एवं आचार दोनो परस्पर सापेक्ष गुण है। कल्पसूत्र ऐसी आलौकिक औषधि एवं रामबाण रसायन है जिसमें जीवन के राग-द्वेष एवं तन के रोग-दोष को नेस्त नाबूत करने की असीम शक्ति समाहित है।

श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर कल्प सूत्र ग्रंथ की विस्तृत विवेचना करते हुए साध्वीजी तत्वरसा श्रीजी, तत्वश्रेया श्रीजी ने कहा कि कल्पसूत्र ग्रंथ की रचना आचार्य श्री भद्रबाहु स्वामी ने की एवं इसकी विषद व्याख्या श्री विनय विजयजी ने की। जिसने भी पूर्ण श्रद्धा, तन्मयता एवं एकाग्रता से जीवन में 21 बार इस ग्रंथ का श्रवण कर लिया उसका सातवे भव में मोक्ष निश्चित हो जाता है। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि दोपहर में नवपद पूजन हुआ जिसका लाभ मांगीलाल छगनीराम जैन परिवार ने लिया। कल्पसूत्र स्थापित करने का लाभ ज्ञानचंद बाबूलाल सेठिया परिवार ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विकास जैन, सानिध्य जैन, राहिल जैन, यश जैन, अंकित जैन, सिद्धार्थ कटारिया, जय जैन, अंशुल जैन, आयुष चौधरी, प्रतीक चौधरी, सिद्धार्थ जैन, ऋषभ जैन, आदि उपस्थित थे।

### महा ग्रंथ का हर एक शब्द मंत्र है, तंत्र है, यंत्र है

महा ग्रंथ का हर एक शब्द मंत्र है, तंत्र है, यंत्र है। श्री कल्पसूत्र की कई अनोखी बातो की तरफ ले जाते हुए आप ने कहा महाग्रंथ में उल्लेख है- सहधर्मी, रूपवान, निरोगी, अच्छे स्वप्नो का दर्शन, नीति में रूचि तथा कविता रचने का जिसको शौक है, वह स्वर्ग से आया है, स्वर्ग में जाएगा। दंभ से दूर, दया-दान, दमन में खुशी, दक्ष व सरल मनुष्य में से आया है फिर मनुष्य बनेगा। कपट, लोभ, आलसी तथा ज्यादा खाने वाला पशु में से आया है, पशु में जाएगा। अति कामी, द्वेषी, दुर्वचनी नरक से आया है, पुन नरक में जाएगा। कल्पसूत्र सभी शास्त्रो में सिरमोर है। साधु के दस आचारो का वर्णन, भगवान महावीर स्वामी के पूर्व भवो का संपूर्ण विवरण इसमें समाहित है।

### आगामी कार्यक्रम

आगामी कार्यक्रम के अंतर्गत 24 अगस्त रविवार को भगवान महावीर का जन्म वाचन समारोह मनाया जाएगा। दोपहर 1.30 बजे से प्रारंभ होने वाले इस समारोह में चौदह स्वप्न एवं महावीर पलना जी को झुलाने का विशिष्ट आयोजन होगा। समाजजनों को केशरिया छापे लगाए जाएंगे तथा रात्रि जागरण का कार्यक्रम होगा।

## राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता में देवास जिले की टीम भाग लेंगी



**देवास।** देवास जिला रोल बॉल एसोसिएशन के संचालक संदीप जाधव ने बताया कि 23 एवं 24 अगस्त को इंदौर में अंडर 11 एवं 14 वर्ग की राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। जिसमें देवास जिले के खिलाड़ी को प्रतिनिधत्व किए जाने वाली टीम में आयुष्मान चौहान, सात्विक शिवहरे, निशित ठाकुर, केशव ठाकुर, तरुण कुमावत, ऋषि राज ठाकुर, देवेंद्र जायसवाल, और राघव काले चयन किए गए कोच आयुष बहरे और मैनेजर सुनील मालवीय रहेंगे, तथा देवास कॉरपोरेशन टीम में सिथिर पटेल, अमित मोरी, गोवर्धन सोलंकी, कुशल असल, शुभंकर पतरे, फैजान हुसैन, कृष्ण कामदार, अभय चौहान, दिव्यांश वर्मा खिलाड़ी व कोच उत्सव बरोड़ मैनेजर देवराज सांगते रहेंगे, बालक अंडर 11 टीम में साहिल कुमार, मिहिर झा, चिराग राणे, सुफियान हुसैन, लक्ष्य ठाकुर, लव पटेल, हर्ष कुमावत, और मितांश काले खिलाड़ी व कोच सूरज वामनिया मेनेजर विशाल सिंह रहेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की ओर से निर्णायक की भूमिका तन्मय मेहता, देवराज सांगते, सूरज वामनिया, आयुष बहरे निभाएंगे। चयनित खिलाड़ियों को श्रीमंत गायत्री राजे पवार विधायक देवास, ओलिंपिक संघ सचिव अनवर खान, हेमेंद्र निगम काकू, विशाल शर्मा, पवन यादव, पावन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, सदस्य अश्विनी जाधव, अपर्णा यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, ऋतिक मुकाती, ऋतुराज सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, साक्षी चौहान, निखिल सिंह महर, हार्दिक मंडलोई, हिमांशु शर्मा , हर्षिता कौशल, हरिप्रिया यादव भावना गुर्जर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## रोलबॉल स्टेट चैम्पियनशिप में बच्चों का चयन



**देवास।** कोच सूरज वामनिया ने बताया कि रोलबॉल स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन 23 और 24 अगस्त 2025 को इंदौर के आईएमसी रोलबॉल ग्राउंड, खजराना में किया जाएगा। सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन देवास टीम में किया गया है। टीम अंडर-14 में चयनित खिलाड़ी गंधर्व सोलंकी एवं अमित मोरी। टीम अंडर-11 में चयनित खिलाड़ी साहिल कुमार एवं मिहिर झा।

खिलाडियों के चयन पर ललित सरदाना एवं स्कूल के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

## त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



**कांटाफोड़।** नगर के थाना परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर कांटाफोड़ थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा ने शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। आगामी त्यौहार गणेश उत्सव विमान उत्सव के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ली गई। बैठक के दौरान थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा ने त्यौहार के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था को देखते हुए बैठक में कई जरूरी दिशानिर्देश जारी किए गए जिसके तहत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई। बैठक मे सभी से अपील की गई की त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा बनाएं रखें और एक दूसरे के धार्मिक एवं सामाजिक आस्था का ख्याल जरूर रखें। बैठक के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष महेश दुबे विमान उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश होलानी नगर परिषद अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक में उपनिरीक्षक केएल परमार विनय सिंह बघेल अजयसिंह राजपूत प्रधान आरक्षक रामवीर सिंह सहित नगर परिषद से चेतन घावरी एवं विद्युत मंडल के कर्मचारी तथा पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष का किया स्वागत



**देवास।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र मालवीय के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ग्रामीण मनीष चौधरी एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉ मुन्ना सरकार, जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ कांग्रेस पार्टी देवास एवं जिला अध्यक्ष आत्माराम परिहार अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद जिला देवास, प्रदेश सचिव मदनलाल जेठवा अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद, गोवर्धन देसाई पूर्व पार्षद , सत्यवान पाटिल, बलवान सिंह चौहान, हुकम सिंह चिल्लौरिया, कैलाश चन्द्र छायना, प्रदीप चौधरी, वरिष्ठ नेता गुरूचरण सिंह सलूजा कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रोशन रायकवार, गोकुल प्रसाद डोंगरे, एन एस यू आइ पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट जाहिद खान सभी के द्वारा कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने को भारी भविष्य में राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की प्रगति के लिए विचार विमर्श हुआ। राजेन्द्र मालवीय ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को पार्टी के कार्यक्रम में भागीदारी एवं समय-समय पर उनके सम्मान की चर्चा की। समाज के अंतिम व्यक्ति को पार्टी से जोड़ने का सक्रिय अभियान चलाने की आवश्यकता है विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में बलाई समाज के वोट, संख्या बल पर विस्तार से चर्चा की मदनलाल जेठवा के द्वारा भी विचार प्रकट किये। डॉक्टर मुन्ना सरकार ने कहां कि ऊर्जावान अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है यह प्रसन्नता का विषय है हम सभी लोग आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और हम सब कंधे से कंधे मिलाकर कांग्रेस पार्टी के लिए काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी जो संघर्ष कर रहे हैं वह सदैव उनके साथ रहेंगे। दोनों अध्यक्षों ने कहां के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए एक सक्रियता से काम करेंगे किसी भी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता को निराश नहीं होने देंगे अंत में वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह सलूजा ने सभी का परिचय करवाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**एक नजर** प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा नारों के उद्घोष के साथ मानव श्रृंखला बनाई

## महाविद्यालय में विश्व मानवतावाद दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**देवास।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विश्व मानवतावाद दिवस के उपलक्ष्य में 19 अगस्त को विभिन्न गतिविधियॉ आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ.एस.पी.राणा के मार्गदर्शन में सम्पन्न कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीना भावलकर, जनभागीदारी समिति सदस्य रही। सारस्वत अतिथि के रूप में मानवतावादी साहित्य-सृजक राजकुमार चंदन ने मंच को गरिमा प्रदान की। परिचर्चा की मुख्य वक्ता डॉ. ममता लावरे रही। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.एस.अनारे ने की। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ममता झाला, सदस्य डॉ. रश्मि ठाकुर , डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. विद्या माहेश्वरी ने मंच साझा किया। मानवतावाद पर केन्द्रित परिचर्चा का आरम्भ मॉ सरस्वती के पूजन से किया गया। खुशबू सारवान ने सरस्वती वंदना को स्वर दिये। उत्तरीय द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथि परिचय प्रस्तुत करते हुए डॉ. ममता झाला ने विश्व मानवतावाद की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संकल्प सोंलकी एवं खुशबू वर्मा ने विद्यार्थी वर्ग की ओर से परिचर्चा में सहभागिता की। डॉ. ममता लावरे ने इस अवसर पर कहा कि मानवता जाति,धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर है। आपने वर्ष 2025-26 में विश्व मानवतावाद दिवस की थीम वैश्विक एकजुटता को मजबूत करना और स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाना पर अपने विचार रखे। कलाविद् श्री चंदन ने कहा कि मानवताविहीन व्यक्ति हाड़-मॉस के यांत्रिक पुतले के समान है। वसुधैवकुटुम्बकम् के साथ भारतीय संस्कृति में निहित मानवीय मूल्य एवं गुण वैश्विक अराजकता, अशांति एवं असंतुलन को रोकने का सामर्थ्य रखते है। श्रीमती भवालकर ने मानवतावाद दिवस की शुभकामना देते हुए विद्यार्थियों को दयावान व करूणाशील बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आर.एस.अनारे ने विद्यार्थियों को चंदन के साहित्य को पढने एवं शोध करने के लिए प्रेरित किया। कोरोना काल में मानव की नि:स्वार्थ सेवा हेतु एन.एस.एस. अधिकारी राकेश कोटिया का सम्मान व अभिनंदन किया गया। आंमत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये।

विद्यार्थियो के अवलोकनार्थ साहित्यकार चंदन के साहित्य की पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई गई। अतिथि विद्वान खुशबु बैग एवं निहारिका व्यास ने वैश्विक शांति का आधार मानवतावाद विषय पर निंबध प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। अतिथियों तथा प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस.राणा की उपस्थिति में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा नारों के उद्घोष के साथ मानव श्रृंखला बनाई गई। डॉ. लीना दुबे ने मंच सज्जा एवं कार्यक्रम का प्रतिवेदन बनाने मे सहयोग किया।